'किसको था पता' देखिए 25 को रात 8 बजे जी सिनेमा पर

इंदौर। इस क्रिसमस, 25 दिसंबर को रात 8 बजे, जी सिनेमा पर देखिए 'किसको था पता', एक ऐसी कहानी जो आपके दिल को छू जाएगी। 'शादी में जरूर आना' और 'मिडल क्लास लव' जैसी फिल्में बनाने के लिए मशहूर निर्देशक रत्ना सिन्हा की फिल्म 'किसको था पता' में अशनूर कौर, अक्षय ओबेरॉय और आदिल खान जैसे शानदार कलाकार हैं। तो इस क्रिसमस पर प्यार, जूनून और दीवानगी के एक दिलचस्प सफर के लिए तैयार हो जाइए, जो पूरे परिवार के लिए एक यादगार अनुभव बन जाएगा। अशनूर कौर ने कहा, श्रेया एक ऐसा किरदार है जो किसी से भी जुड़ सकता है, जो प्यार के बोझ और उसे खोने के डर को महसूस कर चुका हो। अक्षय ओबेरॉय ने कहा, देवांश एक ऐसा शख्स है, जिसकी पूरी दुनिया उस वक्त बिखर जाती है, जब वो इंसान उसे छोड़ देता है, जिससे वो सबसे ज्यादा प्यार करता है।

'पिरामिड' में देखें क्रिप्टोकरंसी से जुड़े गहरे राज

इंदौर। 'हंगामा' अपनी ओरिजनल सीरीज 'पिरामिड' के साथ दर्शकों को रोमांचित करने के लिए तैयार है। यह एक ऐसी कहानी है जो क्रिप्टोकरंसी की अंधेरी दुनिया और अपराध से आपको रूबरू कराएगी। इसे सिर्फ हंगामा ओटीटी पर देखा जा सकता है। इस सीरीज में राज, सस्पेंस और रोमांच है। इस कहानी में बहुत सारे रोमांचक मोड़ हैं, और हर किरदार का बहुत कुछ दांव पर भी लगा है। यह कहानी दर्शकों को पूरे समय बांधकर रखने की खूबी रखती है। इसमें हेली शाह, रोहन मेहरा, हर्षद अरोरा, करन शर्मा और कृष्णन बरेटो ने अपनी एक्टिंग का जौहर दिखाया है। हंगामा डिजिटल मीडिया के फाउंडर और मैनेजिंग डाइरेक्टर नीरज रॉय ने इस सीरीज के बारे में कहा, हंगामा के ओरिजनल कॉन्टेंट की लिस्ट में 'पिरामिड' एक अहम नाम है।

श्रेया और त्रिशान तेनाली की टोली का हिस्सा बनने तैयार

इंदौर। सोनी सब का शो तेनाली रामा रात 8 बजे से हास्य और बुद्धिमत्ता का मिश्रण वाली नई कहानियों के साथ वापसी करने को तैयार है। तेनाली रामा का कालातीत आकर्षण दर्शकों को मंत्रमुग्ध करना जारी रखेगा, साथ ही नए किरदार पेश किए जाएंगे, जो शो को खास बना देंगे। चार युवा प्रतिभाशाली - पद्मावती, लच्छम्मा, बाल भद्र और वाचस्पति के साथ मनोरंजन का वादा करता है क्योंकि तेनाली युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन करते नजर आते हैं। प्रसिद्ध बाल कलाकार श्रेया पटेल और त्रिशान को दो प्रतिभाशाली भाई-बहनों, पद्मावती और वाचस्पति की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। अपने माता-पिता से अलग होने के बाद तेरह वर्षीय पद्मावती ने अपने छोटे भाई और उसकी टोली के लिए रक्षक और मार्गदर्शक की भूमिका निभाई है। श्रेया पटेल ने कहा, पद्मावती एक बहुत ही बढ़िया किरदार है और मुझे बहुत पसंद है।

अमेजन के फेस्टिव स्टोर के साथ मनाएं क्रिसमस

इंदौर। इस क्रिसमस, अपने प्रियजनों के लिए परफेक्ट गिफ्ट खोजें अमेजन.इन के खास क्रिसमस स्टोर के साथ, जो आपकी छुट्टियों की सभी जरूरतों के लिए एकमात्र समाधान है। यह स्टोर 18 दिसंबर से 25 दिसंबर तक लाइव रहेगा। इस त्योहारी सीजन में अपने घर की आरामदायक जगह से गिफ्ट देने की खुशी का आनंद लें। इस स्टोर पर क्रिसमस सजावट, फेस्टिव ट्रीट्स, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, स्टाइलिश हैंडबैग, स्मार्ट टेक एक्सेसरीज, क्रिसमस के कपड़े और कई अन्य कैटेगरी में लाखों प्रोडक्ट्स की खोज करें।

शेयर बाजार में पांचवें दिन रही गिरावट

5 दिन में 18 लाख करोड़ से ज्यादा डूबे



● मुंबई / राज न्यूज नेटवर्क

भारतीय शेयर बाजार में 20 दिसंबर को लगातार 5 वें दिन गिरावट रही। इस सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग 5 फीसदी की गिरावट आई। यह जून 2022 के बाद इनमें आई सबसे तेज गिरावट है। इस गिरावट के चलते आज शेयर बाजार में निवेशकों के करीब 8.65 लाख करोड़ रुपये डूब गए। वहीं पांच दिन से बाजार में लगातार गिरावट से अब तक निवेशकों को 18 लाख करोड़ से अधिक की चपत लगी है। बीएसई मिडकैप इंडेक्स 1.61 फीसदी, तो स्मॉलकैप इंडेक्स 2.63 फीसदी टूट गया। बीएसई सेंसेक्स 1,176.45 अंक या 1.49 फीसदी की गिरावट के साथ 78,041.59 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला इंडेक्स, निफ्टी 364.20 अंक या 1.52 फीसदी टूटकर 23,587.50 के स्तर पर बंद हुआ।

सिर्फ दो स्टॉक में रही तेजी

कंपनी	तेजी
नेस्ले इंडिया	0.15%
आईसीआईसीआई बैंक	0.12%

इन शेयरों में आई गिरावट

कंपनी	गिरावट
टेक महिंद्रा	3.90%
इंडसइंड बैंक	3.63%
एमएंडएम	3.60%
एक्सिस बैंक	3.35%
टाटा मोटर्स	2.69%

म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स द्वारा 'निवेश मंत्रणा' का सफल आयोजन

इंदौर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उनके साथ राज्य सरकार के मंत्री तुलसी सिलावट भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने प्रदेश और देश में म्यूचुअल फंड क्षेत्र की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। मध्य प्रदेश की नौ प्रमुख संस्थाओं - इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, रतलाम, उज्जैन, निमाड, बुरहानपुर, सागर, और छिंदवाड़ा - से मिलकर बनी म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (सेंट्रल इंडिया) ने इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में निवेश मंत्रणा 2024 का भव्य आयोजन किया। पीआरओ मीडिया के प्रतिनिधि, अभिलाष जैन ने बताया कि इस आयोजन में मध्य प्रदेश की नौ संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ-साथ 50 से अधिक शहरों से आए 800 से अधिक म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स ने भाग लिया।

पोको ने दो नए स्मार्टफोन पोको एम 7 प्रो 5 जी और पोको सी 75 5जी किए लॉन्च

इंदौर। भारत के कंज्यूमर टेक ब्रांड पोको ने साल का शानदार समापन करते हुए दो नए स्मार्टफोन पोको एम 7 प्रो 5जी और पोको सी75 5जी लॉन्च किए हैं। इन स्मार्टफोन्स को अपने-अपने सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। ये डिवाइस बेहतरीन डिस्प्ले, दमदार परफॉर्मेंस और किफायती कीमत के साथ स्मार्टफोन के नए मानक तय करते हैं। पोको इंडिया के कंट्री हेड हिमांशु टंडन ने इस मौके पर कहा, पोको में हमारा लक्ष्य हमेशा ऐसी तकनीक पेश करना है, जो सभी के लिए सुलभ और उपयोगी हो। उन्होंने बताया कि पोको एम7 प्रो 5जी एक पावरफुल मिड-रेंज स्मार्टफोन है, जिसमें शानदार ऑडियो क्वालिटी और फ्लैगशिप-ग्रेड कैमरा दिया गया है। जिसमें खासतौर पर सोनी का कैमरा सेंसर लगा है।

एयरटेल वाईफाई के साथ मनोरंजन का नया दौर: अब जी 5 भी शामिल

इंदौर। भारत के भारती एयरटेल ने आज जी 5, भारत के अग्रणी ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी की घोषणा की है, अब एयरटेल के वाईफाई ग्राहकों को रोमांचक डिजिटल कंटेंट उपलब्ध होगा। 699 रुपए या उससे अधिक के प्लान्स पर सभी ग्राहकों को उनके एयरटेल वाईफाई प्लान के तहत जी 5 बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध होगा। इस साझेदारी से जी 5 का एक्सक्लूसिव कंटेंट, जिसमें ओरिजिनल शोज, चार्टबस्टर टाइटल्स, ओटीटी मूवीज और विभिन्न भाषाओं में सीरीज, अब एयरटेल वाईफाई पर दर्शकों के लिए उपलब्ध होगा। चीफ मार्केटिंग ऑफिसर और ईवीपी कस्टमर एक्सपीरियंस - भारती एयरटेल अमित त्रिपाठी ने कहा, साझेदारी एयरटेल के डीएनए का हिस्सा है और जी5 के साथ साझेदारी करके हमें खुशी हो रही है।

एक्सिस बैंक ने एफपीएसजी और आईआईएस पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

इंदौर। एक्सिस बैंक ने आज अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत ओजीक्यू-फाउंडेशन फॉर प्रमोशन ऑफ स्पोर्ट्स एंड गेम्स (एफपीएसजी) और इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की।

दोनों साझेदारियों का उद्देश्य खेल के उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने वाले भारतीय एथलीटों की वर्तमान पीढ़ी को सपोर्ट करना और युवा भारतीय एथलीटों की अगली पीढ़ी को संरक्षण प्रदान करना है। इन साझेदारियों के साथ, एक्सिस बैंक पहली बार सीएसआर के तहत खेलों से जुड़ी गतिविधियों को सपोर्ट कर रहा है। बैंक की साझेदारी के माध्यम से तीरंदाजी, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, निशानेबाजी, कुश्ती, एथलेटिक्स, तैराकी, टेबल टेनिस, भारोत्तोलन, स्क्वैश सहित 10 व्यक्तिगत ओलंपिक खेलों और 8 पैरालिंपिक खेलों- एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, निशानेबाजी, पावर लिफ्टिंग, टेबल टेनिस, कैनो, ब्लाइंड जूडो में खिलाड़ियों को सपोर्ट किया जाएगा।

सोना 170 रुपए टूटकर 78,130 प्रति 10 ग्राम पर आया

नई दिल्ली, आरएनएन। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 20 दिसंबर को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और इसकी कीमत 170 रुपये की गिरावट के साथ 78,130 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु गुरुवार को 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की ओर से कमजोर उठान के कारण चांदी की कीमत 1,850 रुपये गिरकर 88,150 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले सत्र में चांदी 90,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

लाइफ स्टाइल की सेल ऑफ द सीजन में पाएं आकर्षक डिस्काउन्ट

इंदौर। अग्रणी फैशन डेस्टिनेशनल लाइफस्टाइल ने इस सीजन के लिए अपनी सेल की घोषणा कर दी है। लाइफस्टाइल में खरीददारी करने वाले उपभोक्ता टॉप फैशन ब्राण्ड्स के नए स्टाइल्स पर 50 फीसदी तक छूट का लाभ उठा सकते हैं। 'लीव नथिंग' के दृष्टिकोण के साथ लाइफस्टाइल की सेल उपभोक्ताओं को फैशन के बोल्ड विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करती है, ताकि वे बिना कुछ पीछे छोड़े अपने अनूठे स्टाइल को अपना सकें। इस अवसर पर लाइफस्टाइल ने टीवी, डिजिटल और प्रिंट के लिए एक कैंपेन का लॉन्च भी किया हैं, जो दर्शाता है कि कोई भी व्यक्ति खरीददारी करने से अपने आप को रोक नहीं पाएगा। इस विज्ञापन में शॉपिंग रैक को फैशन-फॉरवर्ड ट्विस्ट के साथ पेश किया गया है, और लोग सबसे हॉट अपेरेल्स (परिधानों) की खरीददारी के लिए जल्दबाजी करते दिखाई देते हैं।

कीको ने गुरुग्राम के एम्बिएन्स मॉल में खोला अपना फ्लैगशिप स्टोर

इंदौर। 65 सालों से 120 देशों में पैरेंट्स के भरोसेमंद बेबी केयर ब्राण्ड कीको ने गुरूग्राम के एम्बिएन्स मॉल में अपने नए फ्लैगशिप स्टोर का लॉन्च किया। यह नया स्टोर भारत में रीटेल फुटप्रिन्ट बढ़ाने तथा गुरूग्राम के परिवारों के लिए भरोसेमंद बेबी केयर सोल्युशन्स उपलब्ध कराने के कीको के प्रयासों की पुष्टि करता है।

यह नया स्टोर देश में कीको के विस्तार में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि है जो एनसीआर में विश्वस्तरीय बेबी केयर प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आर्टसाना इंडिया (कीको) के सीईओ राजेश वोहरा ने फ्लैगशिप स्टोर का उद्घाटन किया, जो देश में ब्राण्ड का सबसे बड़ा स्टोर भी है। शहर की प्राइम लोकेशन में मौजूद यह स्पेशियस स्टोर एम्बिएन्स मॉल की दूसरी मंजिल पर स्थित है।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

ई-निविदा सूचना

निम्न कार्य के लिए मण्डल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी) पश्चिम रेल्वे रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से व उनके लिए E - निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या SnT_RTM_24_22_SIGNAL, दिनांक : 18.12.2024. कार्य का नाम**: एस एंड टी कमरों/स्थानों पर आरडीएसओ अनुमोदित फायर अलार्म सिस्टम के उन्नयन, संवर्धन और प्रावधान के संबंध में एस एंड टी सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **बोली / निविदा प्रकार और प्रणाली**: सामान्य ओपन ई-टेंडर, सिंगल पैकेट सिस्टम (IREPS पोर्टल)। **कार्य की अनुमानित लागत**: रु. 2,14,16,454. **बयाना राशि**: रु. 2,57,100/-. **निविदा फार्म का मूल्य**: शून्य। **बोली पूर्व सम्मेलन**: शून्य। **बोली शुरू होने की तारीख**: अंतिम तिथि से 15 दिन पहले। **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक**: दिनांक 10.01.2025 समय 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक**: दिनांक 10.01.2025 समय 15:30 बजे के बाद। **वैधता**: निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन। **कार्य पूरा करने की अवधि**: 6 माह। **JV अनुमति**: अनुमति नहीं है। **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान**: सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र. निविदा सिर्फ अनलाइन E - निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर देखा व जमा किया जा सकता है।

मण्डल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी), रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे

DE/6/1/344

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) **UCO BANK** (A Govt. of India Undertaking)

सम्मान आपके विश्वास का — Honours Your Trust

वसूली विभाग

अंचल कार्यालय, प्रथम तल, वसूली विभाग, प्लाट नं. 22, जेल रोड, निर्माण भवन के पास, भोपाल-462027 फोन : 0755-4046009/11 एवं 7389231314,

डिटेक्टिव एजेन्ट्स/ एजेंसीज़ को सूचीबद्ध करने हेतु

डिटेक्टिव एजेन्ट्स/ एजेंसीज़ के सूचीबद्ध' के लिए पात्र व्यक्तियों/ संस्थाओं / एजेंसियों/ LLP/ कंपनियों आदि से आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदन यूको बैंक, अंचल कार्यालय जेल रोड, निर्माण भवन के पास भोपाल में 31.12.2024 को शाम 05.00 बजे तक आमंत्रित किए जायेंगे। पात्रता और अन्य विवरणों के लिए, हमारी निकटतम शाखाओं/कार्यालयों पर जाएँ या बैंक की वेबसाइट www.ucobank.com पर लॉग इन करें।

दिनांक : 18.12.2024

अंचल प्रबंधक
अंचल कार्यालय, भोपाल

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

वाणिज्य शाखा

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक - रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे ने मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर केटरिंग यूनिटो के आवंटन के लिये ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाईट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है। विवरण निम्नानुसार है।

केटलॉग संख्या : CTG-RTM - 24-2 — अनुबंध का प्रकार: केटरिंग यूनिट — लॉट न.

Catg-RTM-UJN-SMU-32-24-1	Catg-RTM-LMNR-SMU-31-24-1
Catg-RTM-COR-SMU-30-24-2	Catg-RTM-RNJ-SMU-34-24-1
Catg-RTM-COR-SMU-27-24-1	Catg-RTM-SEH-SMU-35-24-1
Catg-RTM-UJN-SMU-33-24-1	Catg-RTM-CNA-SMU-28-24-1

अनुबंध की अवधि - 5 वर्ष ई-नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिये ई-नीलामी दिनांक-01.01.2025 को 11:30 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रनिक लॉट को बंध करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटसाईज समापन समय देखा जा सकता है।

DE/4/1/342 — वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

W/623/5/1/NIT — **ई-टेण्डरिंग नोटिस** — दिनांक: 19.12.2024

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है-

क्र. सं.	ई-टेंडरिंग संख्या और कार्य का नाम	अनुमानित लागत रू	बयाना राशि रू	कार्य समापन अवधि
1	RTM-2024-25-129	6,77,92,498.71	4,89,000/-	15 माह
	RTM-D Shed - Infrastructure facilities for maintenance of HHP Electric Locomotives at.			

अनुमानित मात्रा: As per Tender Schedule. **Similar type of work**: Construction of any Building Work. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 19.12.2024. निविदा खुलने की तिथि: 13.01.2025.** विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य शर्ते वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

DE/5/1/345 — मण्डल रेल प्रबंधक (कार्यलेखा), रतलाम मंडल - पश्चिम रेलवे

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

W/623/5/1/NIT — **ई-टेण्डरिंग नोटिस** — दिनांक: 19.12.2024

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है-

क्र. सं.	ई-टेंडरिंग संख्या और कार्य का नाम	अनुमानित लागत रू	बयाना राशि रू	कार्य समापन अवधि
1	RTM-2024-25-122	1,75,54,385.75	2,37,800/-	12 माह
	Godhara-Ratlam Section: Improvement of Road surface and drainage system at RUB No. 173A,177A,292A,293A and 305A etc. under ADEN-East jurisdiction and at RUB Nos. 8A,13A,13B, 47A, 47B etc. under ADEN-S-DHD Jurisdiction			

अनुमानित मात्रा: As per Tender Schedule. **Similar type of work**: Any Civil Engineering Work. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 17.12.2024. निविदा खुलने की तिथि: 13.01.2025.** विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य शर्ते वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

DE/5/1/346 — मण्डल रेल प्रबंधक (कार्यलेखा), रतलाम मंडल - पश्चिम रेलवे

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

न्यायालय संजीत कुमार पदेन तहसीलदार (वसूली)
पीथमपुर (संचा./संधा.) संभाग, म.प्र. प.क्षे.वि.वि.कं.लिमि., पीथमपुर
प्रारूप-06 (नियम 6 देखिये)

चल/अचल संपत्ति की कुर्की हेतु जारी कुर्की वारंट की अधिसूचना

एतद् द्वारा घोषणा की जाती है कि निम्नलिखित बकायादार उपभोक्ता के परिसर पर विद्युत बिल की बकाया राशि जमा नहीं होने के कारण उनकी चल/अचल संपति की कुर्की वारंट जारी किया गया है। यदि बकायादार उपभोक्ता द्वारा **दिनांक 31.12.24 के पूर्व** संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो म.प्र. विद्युत भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 147 (ग) के अधीन कुर्की की कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी बकायेदार उपभोक्ता को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाण के **दिनांक 31.12.24 के पूर्व** पदेन तहसीलदार कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें। इसके पश्चात अंतिम पदेन तहसीलदार के क्षेत्राधिकार में सुरक्षित रहेगा। **अनुसूची:-**

क्र.	प्रकरण क्र.	सर्विस क्रमांक	राजस्व कार्या. RRC क्रमांक	बकायादार का नाम श्री/श्रीमती	पता	बकाया राशि
1.	2024/215	H3421000530	15760/218	एमसीएल स्टील प्रा.लि.	प्लाट नं. 164A, 164B सेक्टर-03 पीथमपुर धार	282,24,894
2.	2024/218	H3421000186	15760/215	एमसीएल स्टील प्रा.लि.	प्लाट नं. 164A, 164B सेक्टर-03 पीथमपुर धार	122,30,778
3.	2024/217	H4873904000	15760/217	पोलिटेक इंटर नेशनल प्रा.लि.	प्लाट नं. 5-5/2 सेक्टर-1 पीथमपुर	18,07,779
4.	2024/216	H1245904000	15760/216	पारस पोलिफेब प्रा.लि.	प्लाट नं. 101/D सेक्टर-1 पीथमपुर	17,58,839
5.	2024/214	H8966904000	15760/14	होटल मोनार्क	सर्वे क्र. 130, 131, सागोर सेक्टर-3 पीथमपुर धार	8,55716
6.	2024/89	N3814011511	14621/89	श्री इंदर सिंह नवल सिंह	बगदून, पीथमपुर	456257
7.	2024/88	N3814005760	14621/88	श्री इंदर सिंह नानूराम	बागदून, पीथमपुर	296268
8.	2024/155	N3814003565	14621/155	श्री राजकुमार पाठक	नई बस्ती	252463
9.	2024/157	N3814003881	14621/157	श्री राकेश अनोखीलाल	नई बस्ती	238282
10.	2024/246	N3804011400	28/9-12-2024	श्री बद्री प्रसाद सोहन सिंह	11, चायडीपुरा, बेटमा	10837
11.	2024/169	N3814005850	14621/169	श्री समन्दर घीसाजी परिहार	चौधरी गली इंडोरामा	162138
12.	2024/46	N3814015608	14621/46	श्री आशीष सीव सिंह सोलंकी	टोल टैक्स के पास, बागदून	171454
13.	2024/143	N3814008615	14621/143	श्रीनीता मनीष सिंधी	बगदोन इंडोरामा चौराहा	165247
14.	2024/34	N3812023682	14621/34	मे. सुसान ऑटो प्राइवेट लिमिटेड	धन्नड (सेक्टर 1)	169504
15.	2024/28	N3812016832	14621/28	मो. शब्बीर खां भारत इंड.	सेक्टर-1 पीथमपुर	135286
16.	2024/156	N3814014949	14621/156	श्री राजकुमार विमलचंद जैन	10, आचाना सागोर	123704
17.	2024/68	N3814012946	14621/68	श्री दिलीप ठाकुर	92, नई बस्ती मण्डलावदा	114320
18.	2024/127	N3814009806	14621/127	मोहम्मद मुस्तफा मोहम्मद हुसैन	1, इदोरमा चोरहा	106208
19.	2024/83	N3814009022	14621/83	श्री हरेसिंह सजनसिंह	बड़ी बागदून	102399
20.	2024/264	N3804021159	46/9-12-2024	श्री अंसुल हेमंत अवस्थी	धर्मकुंज फेस-1, बेटमा	55337
21.	2024/253	N3804014929	35/9-12-2024	श्री अर्जुन कल्याण सिंह	कालीबिल्लोद बेटमा	53147
22.	2024/17	N3812006767	14621/17	में. चौहान फैब्रिकेशन प्रो. विनोद चौहान	बाघेल पेट्रोल पम्प के पास	54420
23.	2024/29	N3812012187	14621/29	श्रीमती ममता परिहार	बी-207, 210 छत्रछाया पी.	48327
24.	2024/15	N3812014477	14621/15	श्री ब्रजेश कुमार सिंह मिथिलेश सिंह	88 आर.आर.पी. नगर पी.	27998
25.	2024/14	N3812025957	14621/14	में. आर्कावस मल्टीपैक प्राइवेट लिमिटेड	एस 4/4 सेक्टर । सांवरिया मंदिर पी. पास	27584

नोट:- उक्त संपत्ति पर किसी व्यक्ति, समूह, शासकीय/अशासकीय संस्था या अन्य किसी का बकाया राशि लेना शेष हो तो **दिनांक 31.12.24 के पूर्व** पदेन तहसीलदार (वसूली) के कार्यालय में मय प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावें। उक्त दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संजीत कुमार, पदेन तहसीलदार (वसूली)
पीथमपुर (संचा./संधा.) संभाग पीथमपुर

म.प्र. माध्यम/117937/2024

रजि.ए/डी/डस्ट/एफिक्शन/बीट ऑफ ड्रम

विक्रय उद्घोषणा

ऑफिस ऑफ द रिकवरी ऑफिसर-II
डेब्ट रिकवरी ट्रिब्यूनल- जबलपुर में

797-II, शांतिकुंज, साउथ सिविल लाइंस, जबलपुर (म.प्र.) 482001
केस नंबर: ओएईएक्स/24/2014 ओ.ए. संख्या 235/2012 में
ई-नीलामी संख्या 345/2024

आयकर अधिनियम, 1961 की दूसरी अनुसूची के नियम 38, 52 (2) के तहत बिक्री की घोषणा बैंक और वित्तीय संस्थान अधिनियम, 1993 के कारण ऋण की वसूली के साथ पढ़ें

आर्सिल

बनाम

मे. मेटलमैन इंडस्ट्रीज लिमिटेड

प्रति
प्रमाणपत्र देनदार संख्या:-

(1) मेसर्स मेटलमैन इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जिसका कार्यालय द्वितीय तल 'जनक', 11, न्यू पलासिया, इंदौर में है।
(2) श्री राजीव लोचन सोनी, पुत्र स्वर्गीय जनक राज सोनी, निदेशक और गारंटर मेसर्स मेटलमैन इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वितीय तल, 'जनक' 11 न्यू पलासिया, इंदौर।
(3) श्री विजय सोनी, पुत्र स्वर्गीय श्री जनकराज सोनी, निदेशक और गारंटर मेसर्स मेटलमैन इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वितीय तल, 'जनक' 11 न्यू पलासिया, इंदौर।
(4) स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर, नवलखा शाखा, इंदौर, अपने मुख्य प्रबंधक के माध्यम से।
(5) स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर, संयोगिता गंज शाखा, इंदौर, अपने मुख्य प्रबंधक के माध्यम से।
(6) पंजाब नेशनल बैंक, मनोरमागंज शाखा, इंदौर अपने मुख्य प्रबंधक के माध्यम से।
(7) बैंक ऑफ इंडिया, पलासिया शाखा, इंदौर अपने मुख्य प्रबंधक के माध्यम से।
(8) ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स, शाखा आर.एन.टी. मार्ग, इंदौर अपने मुख्य प्रबंधक के माध्यम से।
(9) आईसीआईसीआई मालव परिसर, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) अपने रिलेशनशिप मैनेजर के माध्यम से।
(10) हांगकांग और शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड, शाखा दर्शन मॉल, 15/2, रेसकोर्स रोड, इंदौर, अपने रिलेशनशिप मैनेजर के माध्यम से।
(11) मध्य प्रदेश वित्तीय निगम, (राज्य वित्तीय निगम अधिनियम, 1951 के तहत गठित) पूंजी बाजार प्रभाग, नवरतन बाग, सेंट पॉल प्राथमिक विद्यालय के सामने, इंदौर, (म.प्र.) अपने प्रबंधक के माध्यम से।

जबकि आप आपके/उनके द्वारा भुगतान योग्य पीठासीन अधिकारी, डेब्ट रिकवरी ट्रिब्यूनल जबलपुर द्वारा जारी वसूली प्रमाणपत्र जो 17.25% प्रति वर्ष की दर से दिनांक 30-07-2012 से ब्याज सहित एवं वसूली प्रमाण पत्र के अनुसार वसूली के लिए देय के साथ जारी किया गया सं. ओ.ए. संख्या 235/2012 के लिये रू. 96,82,37,967.41/- (रूपये छियानबे करोड़ बयासी लाख सैंतीस हजार नौ सौ सड़सठ और इकतालीस मात्र) की राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं।
और जबकि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रमाण पत्र की संतुष्टि में नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित संपत्तियों की बिक्री का आदेश दिया।
और जबकि ये आपके/उनके द्वारा भुगतान योग्य पीठासीन अधिकारी, डेब्ट रिकवरी ट्रिब्यूनल जबलपुर द्वारा जारी वसूली प्रमाणपत्र जो 17.25% प्रति वर्ष की दर से दिनांक 30-07-2012 से ब्याज सहित एवं वसूली प्रमाण पत्र के अनुसार वसूली के लिए देय के साथ जारी किया गया सं. ओ.ए. संख्या 235/2012 के लिये रू. 96,82,37,967.41/- (रूपये छियानबे करोड़ बयासी लाख सैंतीस हजार नौ सौ सड़सठ और इकतालीस मात्र) की राशि का भुगतान वसूली तक देय है।
एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि स्थगन के किसी भी आदेश के अभाव में उक्त संपति की बिक्री दिनांक 29-01-2025 को ई-नीलामी द्वारा की जाएगी तथा बोली को "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली" के माध्यम से वेबसाइट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से बेचा जाएगा। (विक्रेता का नाम और पता मे. सी-1 इंडिया प्रा. लि., वेबसाइट https://www.bankeauctions.com हेल्पलाईन नं. 0124-4302020/21/22/23/24 संपर्क व्यक्ति श्री मिथलेश कुमार मोबाइल नंबर 7080804466 और ईमेल आईडी mpcg@c1india.com एवं support@bankeauctions.com अधिक जानकारी के लिए श्री कमल मिश्रा, मुख्य प्रबंधक से संपर्क संख्या 9819820760 या उनके कार्यालय के व्यक्तिगत तौर पर संपर्क करें।
बिक्री नीचे दी गई अनुसूची में उल्लिखित प्रमाण पत्र देनदारों की संपति और उक्त संपति से संबंधित क्षमताओं और दावों की बिक्री होगी, इसलिये वे अनुसूची में निर्दिष्ट हैं।
संपति को अनुसूची में निर्दिष्ट बिक्री के लिए रखा जाएगा। वसूली की जाने वाली राशि संपति के एक हिस्से की बिक्री से संतुष्ट है, शेष के संबंध में बिक्री तुरंत बंद कर दी जाएगी यदि किसी भी लॉट को खारिज करने से पहले बिक्री को रोक दिया जाता है, तो उक्त प्रमाण पत्र में उल्लिखित बकाया, ब्याज (बिक्री की लागत सहित) बिक्री का संचालन करने वाले अधिकारी को प्रस्तुत किया जाता है या उसकी संतुष्टि के लिए प्रमाण दिया जाता है कि इस तरह के प्रमाण पत्र की राशि ब्याज और लागत का भुगतान अधोहस्ताक्षरी को कर दिया गया है।
अनुसूची में विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी को यथा प्रदत्त या प्रमाण पत्र धारक बैंक की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन अधोहस्ताक्षरी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि मिथ्या कथन या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।
कोई अधिकारी या अन्य व्यक्ति , बिक्री के संबंध में प्रदर्शन करने के लिए कोई कर्तव्य होने के बावजूद, अन्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बोली लगाने, प्राप्त करने या बेची गई संपति में कोई हित हासिल करने का प्रयास में कोई कर्तव्य नहीं है। बिक्री आयकर अधिनियम 1961 की दूसरी अनुसूची में निर्धारित शर्तों और इसके तहत बनाए गए नियमों और आगे की शर्तों के अधीन होगी।
1. आरक्षित मूल्य जिसके नीचे संपति (नीचे दी गई) की बिक्री नहीं की जाएगी, संपति के लिए रुपये 9,00,00,000.00 (रूपये नौ करोड़ मात्र) है।
2. जिस राशि से बोली बढ़ाई जानी है, वह होगी संपति रु. 9,00,000.00/- (रुपये नौ लाख मात्र) किसी भी विवाद की स्थिति में और बोली की राशि के संबंध में, या बोली लगाने वाले के रूप में, लॉट को एक बार फिर से नीलामी के लिए रखा जाएगा।
3. सबसे अधिक बोली लगाने वाला नीलाम की गई संपति का क्रेता घोषित किया जायेगा, बशर्ते कि उसके द्वारा बोली की गई राशि आरक्षित मूल्य से कम न हो, ऐसा करने की सलाह देने के लिए जब पेशकश की गई कीमत स्पष्ट प्रतीत हो कि उच्चतम बोली की स्वीकार/अस्वीकार करने के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता के विवेक पर होगा।
4. ईएमडी आरक्षित मूल्य का 10% रु. 90,00,000.00 (नब्बे लाख रुपये मात्र) जमा किया जाएगा; 27-01-2025 को 17.00 बजे तक, ऑनलाइन आरटीजीएस/एनईएफटी खाता क्रमांक 5692799461 के माध्यम से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, धोबीघाट शाखा, जबलपुर (आईएफएससी कोड: CBIN0281618) में संपति का विवरण पैन कार्ड की प्रति, पता प्रमाण और पहचान प्रमाण, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर और कंपनी के मामले में या कंपनी के प्रतिनिधित्व/प्रतिनिधि की पुष्टि करने वाला कोई अन्य दस्तावेज और ऐसी जमा राशि की रसीद/काउंटर फाइल के साथ रिकवरी अधिकारी, ई-नीलामी खाता, डीआरटी जबलपुर के नाम पर जमा किया जाना है। निर्धारित तिथि और समय के बाद जमा की गई ईएमडी को ई-नीलामी में भाग लेने के लिए नहीं मान्य नहीं किया जाएगा।
5. एक बार जमा की गई ईएमडी को तब तक वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक कि प्रस्तावित निविदा को असफल घोषित किया जाता है।
6 ऑनलाइन बोली फार्म की हार्ड कॉपी प्रस्तावित बोलीदाता द्वारा हस्ताक्षरित टीए संलग्नकों के साथ वसूली अधिकारी ऋण वसूली न्यायाधिकरण जबलपुर 797-II, शांतिकुंज, साउथ सिविल लाईन्स, जबलपुर, (म.प्र.) 482001 में जल्द से जल्द प्राप्त की जाएगी।
7. सफल बोलीदाता को अपनी अंतिम बोली राशि का 25% ईएमडी समायोजन के बाद अगले बैंक कार्य दिवस तक खाते में उपरोक्त पेरा 4 में वर्णित विवरण के अनुसार जमा करना होगा।
8. क्रेता अंतिम बोली राशि का शेष 75% संपति की बिक्री की तारीख से 15वें दिन या उससे पहले जमा करेगा यदि 15वें दिन रविवार या अन्य अवकाश है, तो 15वें दिन के बाद पहले बैंक कार्य दिवस पर प्रत्येक संपति के लिये उपरोक्त पैरा 4 में निर्धारित अनुसार रू. 1000/- तक के लिये@ 1% के साथ रु. 10/-जमा करना होगा।
9. इच्छुक बोलीकर्ताओं/क्रेताओं द्वारा संपति सपंति 20-01-2025 को दोपहर12.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक निरीक्षित की जा सकती है। निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री के खर्च को चुकाने के बाद, अगर अधोहस्ताक्षरी विचार करते हैं, तो चूककर्ता खरीदार संपति या राशि के सभी दावों को जब्त कर लेगा बिक्री की नई घोषणा जारी होने के बाद संपति को फिर से बेचा जाएगा।
संपति **"जहाँ है, जैसी है"** एवं **"बिना शिकायत आधार"** के आधार पर विक्रय की जायेगी।
अधोहस्ताक्षरी के पास किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है यदि वे अनुचित पाए जाते हैं या नीलामी को किसी भी समय बिना कोई कारण बताए स्थगित कर सकते हैं।

लॉट की संख्या	संपति का विवरण के सह-मालिकों के नाम के साथ विक्रय वाली संपति चूककर्ता और कोई अन्य व्यक्ति बतौर सह-मालिक	राजस्व का आकलन किया गया संपति या उसका कोई भाग।	किसी अन्य ऋणभार का विवरण जिसके लिए संपति उत्तरदायी है।	दावा यदि कोई है जो संपति के लिए आगे रखा गया है, और इसकी प्रकृति और मूल्य पर कोई अन्य ज्ञात विवरण।
1	2.	3.	4.	5.
i)	प्लॉट सं. 802-ए और 802-बी, सेक्टर-3, इंडस्ट्रीयल एरिया में, पीथमपुर, जिला-धार (म.प्र.), मापन 73000 वर्ग फीट अर्थात् 785784.70 वर्ग फीट, मेसर्स मेटलमैन इंडस्ट्रीज लिमिटेड के नाम पर	उपलब्ध नहीं है	उपलब्ध नहीं है	उपलब्ध नहीं है

02-12-2024 को जबलपुर में, मेरे हस्ताक्षर और मोहर द्वारा जारी किया गया

SEAL

हस्ता/-
(प्रीति देसाई)
वसूली अधिकारी II
डीआरटी जबलपुर